दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, सोमवार 28 जनवरी 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## फैलता स्वाइन फ्लू

देश में बीमारियों का विशिष्टीकरण हो चला है। भाजपा अध्यक्ष को स्वाइन फ्लू को लेकर खूब चर्चा हुई और राजनीतिक प्रति या भी। मगर बाकी देश में स्वाइन फ्लू के आंकड़ों पर पर्दा डालने की कवायद जारी है। हरियाणा में सैकड़ों लोगों के स्वाइन फ्लू से ग्रस्त होने की बात राज्य के स्वास्थ्य मंत्री स्वीकार रहे हैं। वे स्वीकार रहे हैं कि निजी अस्पतालों में स्वाइन फ्लू से आठ लोगों की मौत हुई है मगर सरकारी अस्पतालों में नहीं। जबकि मरने वालों की संख्या अधिक बताई जाती है। वहीं स्वाइन फ्लू से पॉजिटिव पाये जाने वालों की संख्या सैकड़ों में है। स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के उपचार में लगे कर्मचारियों एवं चिकित्सकों को सरकार की ओर से मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं ताकि वे उपचार के दौरान खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। यह कदम रोग की चिंता को दर्शाता है। स्वास्थ्य विभाग ने स्वीकार भी किया है कि दिल्ली, पंजाब व राजस्थान से लगने वाले इलाकों में स्वाइन फ्लू के डेढ़ सौ मामले प्रकाश में आये हैं। दरअसल, इसके लिये जागरूकता व स्वच्छता अभियान चलाने तथा अस्पतालों में अलग वार्ड बनाने के साथ आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने की जरूरत है।

दरअसल, सांस से जुड़ी इंफ्लुएंजा टाइप स्वाइन फ्लू एच-1 एन-1 के लक्षण भी आम जुकाम-खांसी जैसे ही होते हैं, मगर स्वाइन फ्लू खास किस्म से सं मित होने की वजह से होता है। इसके शुरुआती मामले मैक्सिको में वर्ष 2009 में पाये गये थे। माना गया कि इसका वायरस उत्तरी अमेरिका के सूअरों में पाये जाने वाले जींस जैसा होता है, इसीलिए इसे स्वाइन फ्लू कहा गया। बाद में पाया गया कि इसका वायरस ?इनसान से इनसान में फैलता है। इसके लक्षणों में सिर दर्द, तेज बुखार, गले में खराश, खांसी, बदन दर्द और सांस लेने में परेशानी शामिल है। आम खांसी-बुखार मानकर अक्सर लोग लापरवाही कर जाते हैं। यदि समय रहते रक्त की जांच करायी जाये तो रोग से बचाव संभव है। कालांतर इसके गंभीर सं मण से शरीर के कई अंग काम करना बंद कर देते हैं, जिससे व्यक्ति की मौत हो जाती है। विडंबना यह है कि इसके मामले लगातार बढ़ रहे हैं। वर्ष 2017 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने संसद में जुलाई तक 600 लोगों के इससे मरने की बात स्वीकारी थी, जिसमें लगभग आधे महाराष्ट्र से थे। इसी तरह पंजाब में वर्ष 2016 में 61 लोगों के मरने की बात स्वीकार की गई। विडंबना यह कि सरकारी विभाग मरने वालों का सही आंकड़ा सामने नहीं लाते, जिससे रोग की गंभीरता का एहसास नहीं होता।

## नई दिल्ली-वाराणसी रूट पर जल्द चलेगी ट्रेन-18

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** देसी कोच फैक्टरी में निर्मित ट्रेन-18 का परिचालन जल्द शुरू होने वाला है। इस ट्रेन के परिचालन के लिए सभी प्रकार की सुरक्षा संबंधी मंजूरी मिल चुकी है। इसका किराया शताब्दी एक्सप्रेस से करीब 40-50 फीसदी अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करवाने के मकसद से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से संपर्क किया है। अधिकारियों के अनुमसार, प्रधानमंत्री बजट पेश होने के बाद इस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ कर सकते हैं।

पहली ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चलेगी। मालूम हो कि वाराणसी मोदी का संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है। अधिकारियों ने बताया कि इंजन रहित ट्रेन-18 को सरकार के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर की अंतिम मंजूरी गुरुवार को मिली। उन्होंने कहा, हमने नई दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर ट्रेन के परिचालन के उद्घाटन के लिए पीएमओ से समय मांगा है।



इसी महीने रेलमंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ट्रेन-18 नई दिल्ली और वाराणसी के बीच चलेगी। यह ट्रेन 755 किलोमीटर की दूरी आठ घंटे में तय करेगी। इस रूट पर ट्रेन का ठहराव कानपुर और प्रयागराज में होगा। वर्तमान में सबसे तीव्रगामी ट्रेन को इस दूरी को तय करने में साढ़े ग्यारह घंटे का समय लगता है। इस ट्रेन के एग्जिक्यूटिव क्लास का किराया 2,800 रुपये से 2,900 रुपये के बीच और चेयर कार का किराया 1,600 रुपये से 1,700 रुपये के बीच रहेगा।

ट्रेन का निर्माण चेन्नई स्थित इंटिग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) में किया गया है। इसका परिचालन परीक्षण रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ), लखनऊ की देखरेख में किया गया है। परीक्षण के दौरान ट्रेन का 180 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से परिचालन सफल रहा। यह ट्रेन अधिकतम 200 किलोमीटर की रफ्तार से चलने में सक्षम है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन-18 मेट्रोल ट्रेन की तरह इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर चलती है और यह अगले साल से शताब्दी एक्सप्रेस की जगह लेना शुरू कर देगी।

## चंदा कोचर, दीपक कोचर के खिलाफ एफआईआर पर साइन करने वाले सीबीआई अफसर का ट्रांसफ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईसीआईसी बैंक ऋण मामले में सीबीआई की बैंकिंग ऐंड सिक्योरिटीज फ्रॉड सेल के एसपी सुधांशु धर मिश्रा को रांची ट्रांसफर कर दिया गया है. सुधांशु धर मिश्रा का ट्रांसफर झारखंड की राजधानी स्थित सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा में किया गया है. सुधांशु मिश्रा ने आईसीआईसी-वीडियोकॉन मामले में 22 जनवरी को चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर, वीएन धूत और अन्य के खिलाफ एफआईआर पर दस्तखत किया था. बताया जा रहा है कि इसी के बाद 24 जनवरी को सीबीआई की टीम ने महाराष्ट्र के चार ठिकानों पर छापे मारे थे. इतना ही नहीं, इस कार्रवाई के बाद अरुण जेटली ने सीबीआई को निशाने पर लिया था और इसे बिना परिणाम की कार्रवाई करार दिया था.बता दें कि आईसीआसीआई की पूर्व प्रमुख चंदा कोचर के कार्यकाल के दौरान बैंक द्वारा वीडियोकॉन समूह को 1,875



करोड़ रूपए के ऋणों को मंजूरी देने में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के सिलसिले में यह मामला दर्ज किया है. बता दें कि चंदा कोचर के पति के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी पर केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली ने सीबीआई को निशाने पर लिया था और सलाह दी थी कि महाभारत के अर्जुन की तरह टारगेट पर नजर रखें.

सुधांशु मिश्रा की जगह कोलकाता में सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा के एसपी बिस्वजीत दास का ट्रांसफर दिल्ली किया गया है. वहीं, कोलकाता में सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा-5 के एसपी सुदीप राय को दास की जगह लाया गया है.।

### अब एयर इंडिया के विमानों में भी लगाया गया गांधी जी का लोगो

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एयर इंडिया ने इस साल महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर अपने विमानों में उनका लोगो स्थापित किया है. फिलहाल केवल दो विमानों पर राष्ट्रपिता के लोगो को प्रिंट किया गया है, जो कि विमान के बायीं तरफ ढांचे पर लगाए गए हैं, जबकि बेड़े के बाकी 163 विमानों पर भी लगाए जाएंगे.एयर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एयर इंडिया के एयरबस ए319 और ए320 विमानों पर पिछले हफ्ते ये लोगो लगाए गए हैं।

## अब मोबाइल सिम की तरह पोर्ट करवा सकेंगे अपने सेट-टॉप बॉक्स का कार्ड

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** आम जनता के लिए अच्छी खबर है। अब आप मोबाइल सिम की तरह अपने सेट-टॉप बॉक्स में भी अपनी मर्जी की कंपनी का कार्ड लगा पाएंगे। सूत्रों के अनुसार टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राइ) 2019 के अंत तक ऐसी व्यवस्था लाने जा रहा है जिससे ग्राहकों को अपनी मर्जी के केबल ऑपरेटर को चुनने की आजादी मिलेगी।


लेकिन देशभर में डीटीएच ऑपरेटर्स और केबल सर्विस देने वाले टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राइ) के इस कदम का तीखा विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ऑपरेटर बदलने की सुविधा दे पाना मुश्किल है क्योंकि हरेक ऑपरेटर के सेट-टॉप बॉक्स एनक्रिप्टेड होते हैं और इसमें छेड़छाड़ करने से एक-दूसरे में सेंधमारी की आशंका पैदा होगी।



हालांकि, ट्राइ चेयरमैन ने इसका समाधान बताते हुए कहा है कि सेट-टॉप बॉक्स को पहले से ही किसी खास कंपनी का सॉफ्टवेयर लोड करके बेचने की जगह ऐसा तरीका अपनाया जाएगा जिसमें बॉक्स को खरीदने के बाद सॉफ्टवेयर डाउनलोड की अनुमति हो। गौर हो कि इस समय देश में 16 करोड़ पे-टीवी सब्सक्राइबर्स हैं और ज्यादातर सेट-टॉप बॉक्स कंपनी से बंधे हैं। चूंकि, अभी दूसरी कंपनी की सेवा लेने के लिए दोबारा नया डीटीएच खरीदना होगा, इसलिए खराब सर्विस के बावजूद मौजूदा कंपनी में ही बने रहना उनकी मजबूरी है।

## सोने 140 रुपये चमका, चांदी 50 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही जबरस्त तेजी के बीच वैवाहिक जेवराती मांग आने से बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 140 रुपये की छलांग लगाकर 33,300 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान सिक्का निर्माताओं के उठाव में आयी कमी और औद्योगिक मांग सुस्त पड़ने से चाँदी हालांकि 50 रुपये फिसलकर 40,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी।



लंदन और न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, गत सप्ताह लंदन का सोना हाजिर 21.60 डॉलर की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को सप्ताहांत पर 1,303.10 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा भी 21.20 डॉलर की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 1,302.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## 31 को है षटतिला एकादशी, इस विधि से करें पूजन

हिंदू धर्म में माघ का महीना पवित्र महीनों में से एक माना जाता है. माघ मास में कृष्ण पक्ष एकादशी को षटतिला एकादशी मनाई जाती है. इस बार 31 जनवरी गुरुवार को षटतिला एकादशी है. गुरुवार और एकादशी विष्णु भगवान का दिन माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन विष्णु भगवान का पालन पोषण करने से धन लाभ होता है. इस दिन विष्णु के अवतार के रूप में कृष्ण जी की भी पूजा होती है. ये भी मान्यता है कि इस दिन तिलों का प्रयोग करने से ज्ञान और धन मिलता है. कहा जाता है तिल में महा लक्ष्मी का वास होता है, इसलिए बच्चों की पढ़ाई, ज्ञान और धन में लाभ होता है.

**कैसे करें षटतिला एकादशी में तिल का प्रयोग और पूजा-**

काले तिल और गंगा जल डालकर स्नान करें या मुंह धोएं. अगर संभव हो तो एकादशी का व्रत रखें. सफ़ेद वस्त्र धारण करें. फल फूल और गुड़, तिल की मिठाई से विष्णु देव और कृष्ण जी की पूजा करें. काले तिल से हवन करें. पूजा का मंत्र जाप और हवन का मंत्र होगा- नमो भगवते वासुदेवाय, इस मंत्र का 108 बार जाप करें. काले तिल और गुड़ की मिठाई का प्रसाद बांटे. लाल सिंदूर का तिलक लगाएं.



## ब्रिजटाउन टेस्ट : वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 381 रनों से हराया

**ब्रिजटाउन(आरएनएस)।** रोस्टन चेस (8/60) की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को केनिंग्स्टन ओवल मैदान पर खेले गए मैच में 381 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 1-0 की बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज ने कप्तान जेसन होल्डर (नाबाद 202) की शानदार दोहरी शतकीय साझेदारी के दम पर इंग्लैंड को जीत के लिए 628 रनों का विशाल स्कोर दिया था। यह वेस्टइंडीज का टेस्ट मैच में किसी टीम को दिया गया सबसे बड़ा लक्ष्य है। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ 1930 में वेस्टइंडीज ने 617 रनों का लक्ष्य रखा था।



इस लक्ष्य को हासिल करने उतरी इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी की थी लेकिन वह इसे कायम नहीं रख सकी। रोरी बर्न्स (84) और कीटन जेनिंग्स (14) ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े और इसी स्कोर पर अल्जारी जोसेफ ने कीटन को आउट कर पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद रोस्टन ने 134 के स्कोर पर रोरी को बोल्ड करते हुए इंग्लैंड का दूसरा विकेट भी गिरा दिया। रोरी के आउट होने के बाद इंग्लैंड की पारी बिखर गई और टीम के विकेट लगातार गिरते रहे। रोस्टन की गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड के कप्तान जोए रूट (22) और जोस बटलर (26) की बल्लेबाजी भी फीकी पड़ गई और रोस्टन ने इंग्लैंड की पारी को 246 रनों पर ही समेट दिया।

वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन के अलावा इस पारी में शेनन गेब्रिएल और अल्जारी ने एक-एक विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान होल्डर को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस मैच में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी होल्डर ने नया रिकॉर्ड भी कायम किया।

### महिला हॉकी : स्पेन के खिलाफ भारतीय टीम को मिली हार

**मूर्शा (आरएनएस)।** स्पेन दौरे पर गई भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने पहले मैच में मेजबान टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम ने शनिवार देर रात खेले गए इस मैच में भारत को 3-2 से हराया। भारतीय टीम ने इस मैच की अच्छी शुरुआत करते हुए 12वें मिनट में उदिता के गोल से खाता खोल स्पेन के खिलाफ 1-0 की बढ़त ले ली थी। 23वें मिनट में मारिया टोस्ट ने गोल कर स्पेन का स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

## आज का राशिफल

<u>मेषः-</u> काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। बढ़ते हुए आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी। छोटे मोटे पार्ट टाईम कारोबार के लिए भी समय निकालना आसान रहेगा।

<u>वृषभः-</u> आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए।

<u>मिथुनः-</u> आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आप भी अपनी इस उपलब्धि से खुश होंगे। प्रगति की इस गति को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर प्रतिष्ठा को धक्क ा लग सकता है।

<u>कर्कः-</u> आज का दिन किसी बहन भाई की चिन्ता व सेवा में व्यतीत होगा। यदि आपको लग रहा हो कि स्थान परिवर्तन से व्यपार में लाभ होगा तो सबकी सहमति से कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।

<u>सिंहः-</u> आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है। अस्थिरता आपका पीछा नहीं छोड़ रही है।

<u>कन्याः-</u> आपकी राशि का स्वामी बुध, मकर में आ चुका है, गुरू के साथ शु भी है। अतः विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी, इसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्ण पूरा करें।

<u>तुलाः-</u> आज आप अकारण ही चिन्तित और परेशान रहेंगे। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है।

<u>वृश्चिकः-</u> आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी।


<u>धनुः-</u> आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का फायदा भी मिल सकता है। रूका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें।

<u>मकरः-</u> आज सामजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है।

<u>कुंभः-</u> उच्चाधिकारियों की घनिष्टता से लाभ उठाने का सुअवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय आरंभ करने का निर्णय भी आज आप ले सकते हैं।

<u>मीनः-</u> आपकी राशि का स्वामी-देवगुरू बृहस्पति ज्ञान विज्ञान का भण्डार है। अतः उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खोलेगा। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रूपया उधार न दें।

## एगप्लांट पैटी



### सामग्री :-

1 बैंगन, लहसुन की 5 कलियां, 1 अंडा, द कप ऑलिव ऑयल, 1/2 कप ब्रेड कम्ब्स,
द टीस्पून धनिया पाउडर,
2 टेबलस्पून पार्सले,
द टीस्पून जीरा पाउडर,
नमक-स्वादानुसार, तेल-आवश्यकतानुसार,
1 टेबलस्पून बॉलसैमिक विनेगर,
1 टेबलस्पून थाइम,
1 टेबलस्पून पार्मेज़ान चीज़


### विधि :-

अवन को 220 डिग्री सेल्सियस पर प्रीहीट करें। बैंगन को दो हिस्सों में कांटे। इस पर 2 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल, बारीक कटा लहसुन और नमक डालकर 20 मिनट तक रोस्ट करें।
ठंडा हो जाने पर बैंगन को बोल में डालें। बची सारी चीज़ें मिलाएं।
मनचाहे आकार की टिक्कि यां बनाएं।
फाइंगपैन में कैनोला ऑयल डालकर टिक्कि यों को शैलो फाई कर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 60

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू-59

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |